प्रभात खबर

# Bokaro News : भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब व अन्य सामान बरामद



महुआटांड़. महुआटांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गांगपुर गांव में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मंगलवार की शाम को छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब और इसे बनाने की सामग्री बरामद की. एक बंद फैक्ट्री के सामने एक एस्बेस्टस मकान के बाहर खड़े एक वाहन (बीआर02टी 7385) में नकली शराब भरी हुईं 504 बोतल, एक बंडल झारखंड सरकार का लोगो वाला बोतल, सील करने वाला स्टीकर, हजारों ढक्कन, 20 बोतल बीयर व थोड़ा-थोड़ा भरा हुआ 51 बोतल, 24 पीस खाली बोतल आदि बरामद किये गये. छापामारी करने पहुंची पुलिस को देख कर धंधे से जुड़ा राजेंद्र साव, विनोद साव और विजय साव भाग गये. थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा ने बताया कि मामले में तीनों नामजद और अन्य के खिलाफ अवैध शराब निर्माण, भंडारण, परिवहन और बिक्री करने का केस दर्ज किया गया है. छापेमारी दल में थाना प्रभारी के अलावा पुलिस अवर निरीक्षक टिकेश्वर प्रसाद मेहता, विनोद कुमार राम, अशोक रविदास, पंकज कुमार महतो और मुख्तार अंसारी आदि शामिल थे.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/bokaro/fake-english-liquor-and-other-items-recovered